प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.09.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

राष्ट्रपति बैडमिंटन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने एशियाई खेल में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि टीम की यह उपलब्धि उसके दृढ़ संकल्प, संघर्ष और जुझारू भावना को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि टीम के प्रत्येक सदस्य ने इस गौरवपूर्ण सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सेवा जीवन का मुख्य उद्देश्य और स्वभाव में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीति में भी सेवा ही मार्गदर्शक सिद्धांत होना चाहिए, चाहे व्यक्ति किसी भी सर्वोच्च पद पर क्यों न पहुंच जाए। प्रधानमंत्री ने यह बात गुजरात के वडनगर से वाराणसी तक सेवा यात्रा पर जा रहे सेवा यात्रियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस से संवाद के दौरान कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा परमो धर्म यानी सेवा ही सर्वोच्च कर्तव्य है और यही जीवन का मार्गदर्शक सिद्धांत होना चाहिए। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत पौधारोपण और स्वच्छता अभियान चलाए गए। यात्रियों ने कहा कि यात्रा के दौरान उन्होंने लोगों से संवाद किया और विभिन्न सरकारी योजनाओं से मिल रहे लाभ पर लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया भी प्राप्त की।

उच्च न्यायालय

मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया ने हिमाचल उच्च न्यायालय में अदालत की कार्रवाई का सीधा प्रसारण और उन्नत हाइब्रिड वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का कल शुभारंभ किया। इसके साथ ही प्रदेश हाइकोर्ट अब देश का ऐसा 10वां उच्च न्यायालय बन गया है जहां अदालती कार्यवाही का सीधा प्रसारण देखा जा सकेगा। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्याय केवल होना ही नहीं बल्कि दिखना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल के पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों को देखते हुए लाइव स्ट्रीमिंग की सुविधा आम लोगों, वकीलों व कानून के विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी।

अनुराधा राणा

राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से लाहौल–स्पीति जिले की दो महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को केंद्र सरकार व रक्षा मंत्रालय ने प्राथमिकता दी है। विधायक अनुराधा राणा ने बताया कि सुमदो–क्योटो–कोरजोक मार्ग को प्राथमिकता–एक में शामिल किया गया है। करीब सौ किलोमीटर लंबा यह मार्ग स्पीति के क्योटो को लद्दाख के कोरजोक क्षेत्र से जोड़ेगा और सीमावर्ती क्षेत्र का वैकल्पिक संपर्क मजबूत करेगा। अधिक ब्यौरे के साथ लाहौल स्पीति से हमारे संवाददाता।........

नियुक्तियां

भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन ने सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए पार्टी प्रभारी और सह–प्रभारियों की नियुक्ति की है। भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने एक बार फिर वरिष्ठ नेता श्रीकांत शर्मा पर भरोसा जताते हुए उन्हें हिमाचल भाजपा का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है। उत्तर प्रदेश से राज्य सभा सांसद दर्शना सिंह को प्रदेश का नया सह प्रभारी बनाया गया है। वहीं पच्छाद से विधायक रीना कश्यप को जम्मू–कश्मीर भाजपा का सह–प्रभारी बनाया गया है।

स्वच्छता जागरूकता अभियान

नगर निगम हमीरपुर ने शहर को स्वच्छ और कूड़ा मुक्त बनाने के उद्देश्य से एक माह का स्वच्छता जागरूकता अभियान शुरू किया है। ये अभियन 17 सितंबर से शुरू हुआ जो 17 अक्टूबर तक चलेगा। अभियान के तहत लोगों को स्वच्छता के महत्व के साथ घरों और दुकानों से निकलने वाले कूड़े के उचित निस्तारण की जानकारी भी दी जा रही है। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे हमीरपुर जिला संवाददाता की ये रिपोर्ट.......

बैंक

वित्त मंत्रालय ने बताया है कि ग्राहकों की सुविधा के लिए सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक रविवार 27 सितम्बर को खुले रहेंगे। मंत्रालय ने कहा कि यह कदम यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस द्वारा 28 से 30 सितंबर तक प्रस्तावित तीन दिन की राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल को देखते हुए उठाया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने सभी बैंक शाखाओं, कार्यालयों, एटीएम से जुड़ी शाखाओं और करेंसी चेस्ट को रविवार को पूरी तरह चालू रखने की मंजूरी दी है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि सरकार और बैंक प्रबंधन ने यूनियनों से प्रस्तावित हड़ताल टालने की अपील की है।